# सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी

पत्रांक : कु०स० 5615/2025 दिनाङ्क : 03.01.2026

## सूचना

एतद्द्वारा विश्वविद्यालय/महाविद्यालय के समस्त शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों, प्राचार्यों, शिक्षकों एवं संबंधित स्टाफ को सूचित किया जाता है कि प्रशासन के संज्ञान में यह बात आई है कि कतिपय शरारती तत्वों द्वारा आगामी परीक्षा की समय-सारिणी (Exam Scheme) में कूटरचित (Tampering) फेरबदल कर सोशल मीडिया, विशेषकर व्हाट्सएप ग्रुपों में भ्रामक सूचनाएं प्रसारित की जा रही हैं।

यह कृत्य न केवल छात्रों में अनावश्यक पैनिक (Panic) पैदा कर रहा है, बल्कि विश्वविद्यालय की प्रशासनिक व्यवस्था और गरिमा के भी विरुद्ध है। यदि आपके संज्ञान में ऐसी कोई गतिविधि आती है, तो उसकी सूचना तत्काल विश्वविद्यालय प्रशासन को दें।

स्मरण कराना है कि आधिकारिक दस्तावेजों में फेरबदल करना और झूठी अफवाह फैलाना एक गंभीर संज्ञेय अपराध है। यदि उक्त कृत्य में कोई प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से संलिप्त पाया जाता है तो उसके विरूद्ध कठोर अनुशासनिक कार्यवाही की जाएगी ।

**पुनः स्पष्ट कराना है कि विश्वविद्यालय की परीक्षाएं दिनांक 09.01.2026 से आरंभ होगीं।**

इस पर कुलपति महोदय की स्वीकृति प्राप्त है।

( राकेश कुमार )
आई.ए.एस.
कुलसचिव

प्रतिलिपि - निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. सचिव, कुलपति को कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।
2. समस्त संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष।
3. छात्रकल्याण संकायाध्यक्ष।
4. पुस्तकालयाध्यक्ष।
5. परीक्षा नियंत्रक।
6. सिस्टम एनालिस्ट को इस आशय से कि उक्त सूचना विश्वविद्यालय की वेब-साइट एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों के लॉगिन आई०डी० पर प्रेषित कराना सुनिश्चित करायें।
7. समस्त सहायक कुलसचिव।
8. प्रबन्धक/प्राचार्य, समस्त सम्बद्ध संस्कृत महाविद्यालय।
9. समस्त अधीक्षकगण।
10. आशुलिपिक कुलसचिव/वित्त अधिकारी।
11. जनसम्पर्क अधिकारी।
12. समस्त विभागानुभाग।
13. समस्त सूचना पट्ट।
14. सम्बद्ध पत्रावली।

( राकेश कुमार )
आई.ए.एस.
कुलसचिव